संक्षेप

## रेलवे लाइन के पास बने टैंक पर मिला युवक का शव

सीतापुर। सिधौली कस्बे के संत नगर पूर्वी निवासी नितिन सिंह उर्फ दिव्यास 28 पुत्र संतोष सिंह का शव रविवार सुबह संदिग्ध अवस्था में रेलवे लाइन के पास बने एक टैंक पर पड़ा मिला। शव पकरिया चैराहा और महमूदाबाद मार्ग के मध्य रेलवे लाइन व मकानों के बीच स्थित टैंक पर मिला। सुबह करीब 10 बजे आसपास के लोगों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना सिधौली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक नशे का आदी बताया जा रहा है। हालांकि उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## बेटे की तालाब में डूबने से मौत

सीतापुर। सीतापुर में एक प्रधान के 11 वर्षीय बेटे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के सात नहाने गया था। तभी अचानक गहरे पानी में जाने से डूब गया। साथ में नहा रहे बच्चों ने डूबता देख शोर मचाया। जिसे सुनकर तालाब के पास ग्रामीण पहुंचे। लेकिन तब तक वह डूब चुका था। काफी मशक्कत के बाद शव को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। ग्रामीणों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। परिजनों ने बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। यह घटना रविवार दोपहर मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बर्मी स्थित तालाब में हुई। मृतक बच्चे की पहचान विपिन 11 पुत्र बिनोद कुमार के रुप में हुई है। मृतक बिपिन की मां आरती देवी ग्राम पंचायत बर्मी की मौजूदा प्रधान हैं। विपिन रविवार दोपहर अपने भाई और गांव के कुछ बच्चों के साथ तालाब में नहाने गया था। नहाते समय अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। विपिन को डूबता देख साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाया। बच्चों के शोर को सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे। तत्काल उन्होनें विपिन के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे लोगों तालाब से विपिन को बाहर निकाला। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। घटना के बाद से माता पिता का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बच्चे का अंतिम संस्कार नम आंखों से किया।

## यज्ञशाला निर्माण के लिए प्रधान ने दिये 1 लाख 11 हजार रुपये

सीतापुर। हरगांव थानान्तर्गत एक गांव में 7 दिनों से चल रही श्रीविष्णु यज्ञ के समापन पर ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान ने यज्ञशाला के निर्माण हेतु यज्ञाचार्य को 1 लाख 11 हजार रुपये एक अन्य दानवीर ने 21 हजार रुपये देकर सभी श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। दोनों दानवीरों के इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की जा रही है। जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुरधपा में 8 मार्च से यज्ञाचार्य शुभम अवस्थी के कुशल संचालन व राधिका किशोरी व्यास के नेतृत्व चल रही 7 दिवसीय श्री विष्णु महा यज्ञ एवं संत सम्मेलन 14 मार्च को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। तदुपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया। चल रही इस यज्ञ के दौरान रात्रि में रासलीला का भी आयोजन किया गया। बताया गया कि संत सम्मेलन के मंच से ग्राम गुरधपा के पूर्व प्रधान सरदार मंजीत सिंह ने यज्ञशाला के निर्माण के लिए यज्ञाचार्य को 1 लाख 11 हजार रुपए एवं अभिषेक मिश्र ने 21 हजार रुपये नकद दान देकर उनसे यज्ञशाला निर्माण कराए जाने की प्रार्थना की। जिसे यज्ञाचार्य शुभम अवस्थी ने सहर्ष स्वीकार भी कर लिया। ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान एवं समाज सेवी अभिषेक मिश्र द्वारा इस कार्य हेतु दान दिए जाने पर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की जा रही है। दोनों दानवीरों को यज्ञ कमेटी के सदस्य एवं ग्राम पंचायत के जागरूक नागरिक रामनरेश मिश्र ने हृदय से साधुवाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इससे पूर्व ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान सरदार मंजीत सिंह ने यज्ञाचार्य शुभम अवस्थी सहित सभी यजमानों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया।

# सीतापुर में डिप्टी सीएम ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण

## गंदी चादरें देख भड़के, वेतन रोकने के दिए आदेश, एक्स-रे बंद मिला





जिला संवाददाता

सीतापुर। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को सिधौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल दी। बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे डिप्टी सीएम को देखते ही अस्पताल में हड़कंप मच गया और स्टाफ में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सबसे पहले डिप्टी सीएम सीधे पर्चा काउंटर पहुंचे, जहां वे खुद लाइन में खड़े हो गए और मरीजों से बातचीत कर जमीनी हकीकत जानी। करीब 42 मिनट तक चले निरीक्षण में उन्हें कई गंभीर खामियां मिलीं, जिस पर उन्होंने सख्त नाराजगी जताई।

वार्ड में मरीजों के बेड पर गंदी और खून के दाग वाली चादरें मिलने पर ब्रजेश पाठक का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर मौजूद सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद सिंह को जमकर फटकार लगाई और तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने लांड्री संचालक और आउटसोर्सिंग पर तैनात सफाईकर्मियों का एक माह का वेतन काटने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान एक संविदाकर्मी क्लीनर की लापरवाही सामने आने पर उसका भी एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। डिप्टी सीएम ने साफ कहा कि मरीजों को स्वच्छ वातावरण देना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।यहीं नहीं, अस्पताल का एक्स-रे रूम बंद मिलने पर भी उन्होंने कड़ा रुख अपनाया। पूछताछ में टेक्नीशियन ने बताया कि जनरेटर नहीं चल रहा, जिसके चलते एक्स-रे सेवा बाधित है। इस पर डिप्टी सीएम ने अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाते हुए व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त करने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई के संकेत दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों और तीमारदारों से भी सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।बताया जाता है कि डिप्टी सीएम ने सीओ कार्यालय के पास सरकारी वाहन रुकवाकर पैदल ही सीएचसी पहुंचकर निरीक्षण किया, जिससे प्रशासन पूरी तरह अचंभित रह गया। इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है और स्थानीय प्रशासन को व्यवस्थाएं सुधारने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।निरीक्षण के दौरान एसडीएम राखी वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## बेटियों का टीकाकरण करें सुनिश्चितः डीएम



फतेहपुर । जिलाधिकारी ने की स्वास्थ्य योजनाओं की कड़ी समीक्षा, एचपीवी वैक्सीनेशन पर जोर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकायकी समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति, बजट उपयोग और पूर्व निर्देशों के अनुपालन पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कड़े निर्देश दिए, विशेषकर सर्वाइकल कैंसर रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन को सफल बनाने पर बल दिया।एचपीवी वैक्सीनेशन और माइक्रोप्लान पर निर्देशजिलाधिकारी ने शासन की मंशा के अनुरूप बेटियों के जीवन बचाने हेतु निर्धारित आयु वर्ग की बालिकाओं का एचपीवी वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक कर माइक्रोप्लान तैयार करने और वैक्सीनेशन कराने को कहा गया। वैक्सीनेशन की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी आदेश जारी किए गए, ताकि अभियान गति पकड़ सके।एनबीएसयू स्थापना में लापरवाही पर नाराजगीसमीक्षा में पाया गया कि पूर्व बैठक के निदेशानुसार एनबीएसयू स्वास्थ्य केंद्र में स्थापना नहीं हुई और न ही कार्यवृत्त में दर्ज किया गया। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई तथा डीपीएम लालचंद्र गौतम को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को तत्कालएनबीएसयू स्थापित कर क्रियाशील बनाने और फोटो सहित रिपोर्ट देने को कहा, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर दिशा-निर्देशसभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को क्षेत्र के बच्चों का पूर्ण वैक्सीनेशन, रिपोर्ट प्रस्तुति और आभा आईडी रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने के निर्देश। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का शत-प्रतिशत आयुष्मान भारत पंजीकरण सुनिश्चित करने के आदेश।

## 38 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण होने वाले मार्ग का राज्यमंत्री ने किया शिलान्यास

सीतापुर। विधानसभा हरगांव क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर पड़ी सिंघनापुर-सोंसरी लालपुर मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास रविवार को राज्यमंत्री (कारागार) सुरेश राही ने विधिवत पूजन-अर्चन कर किया। लगभग 38 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह मार्ग करीब 15 किलोमीटर लंबा है। जिसके निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

बताया गया कि यह सड़क काफी समय से क्षतिग्रस्त थी। जिससे क्षेत्रीय लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों की मांग और समस्या को देखते हुए कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस जर्जर मार्ग की स्थिति से अवगत कराया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने सड़क के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की। शिलान्यास कार्यक्रम में अवर अभियंता मुद्दसिर हुसैन, सहायक अभियंता पंकज वर्मा और सनी सिंह सहित विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में राज्यमंत्री ने नारियल फोड़कर और पूजन-अर्चन कर निर्माण कार्य की शुरूआत कराई। इस मौके पर राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि सिंघनापुर से लालपुर तक जाने वाला यह मार्ग बनने के बाद क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विधानसभा क्षेत्र के अन्य जर्जर मार्गों का भी चिन्हीकरण कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द बनवाया जाए।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष रामनरेश मिश्र, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य अमित भार्गव, हरिमोहन वर्मा, गिरिजेश मिश्र, अशोक वर्मा, पवन गिरि, बृज किशोर, जगदम्बा गिरि, राज कुमार गौतम, हरिराम दीक्षित, सियाराम मिश्र, मनोज चौहान, संतोष मौर्य, जीतू गोस्वामी, विनोद शुक्ल, अमित त्रिवेदी, राहुल यादव, विनीत कुमार, टाइगर, विजय, गन्ना समिति हरगांव के संचालक समर बहादुर सिंह उर्फ समरु सिंह, अमित सिंह, पंकज वर्मा, अनुपम सिंह और अच्छे लाल निषाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद।

## सदर विधानसभा के दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण सत्र का समापन

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में चल रहे सीतापुर विधानसभा के अंतर्गत नगर-1, नगर-2 व रामकोट मंडल के द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने सफल कार्यक्रम के लिए जिलाध्यक्ष व सीतापुर विधानसभा के सभी मंडल पदाधिकारियों को साधुवाद दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की मात्रा एक ऐसी पार्टी है। जो अपने सभी कार्यकताओं को पार्टी व राष्ट्र धर्म की सेवा के लिए प्रशिक्षित करती है।

## गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र में गैस की आपूर्ति को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों के चलते मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर जिलाधिकारी रणवीर सिंह एवं न्यायिक शौर्य अरोड़ा की संयुक्त अध्यक्षता में गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक आहूत की गई जिसमें घरेलू गैस की आपूर्ति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई वहीं उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस की आपूर्ति किए जाने एवं कालाबाजारी व ओवर रोड रेटिंग नहीं किए जाने तथा गैस की अनुपलब्धता संबंधित झूठी अपवाहों को ना फैलाएं के संबंध में सा निर्देश दिए गए। इसी के साथ अस्पताल, विद्यालय, आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालय आदि में गैस संबंध में आए हुए मांग पत्रों को वरीयता एवं प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने के सत्य निर्देश दिए गए। अनुपालन न किए जाने पर कार्यवाही किए जाने की बात कही गयी।

## संकुल बैठक में शिक्षा सुधार व नामांकन बढ़ाने पर मंथन

औरास, उन्नाव। विकासखंड औरास के परिषदीय विद्यालयों में जहां एक ओर वार्षिक परीक्षाएं शुचिता, पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ संचालित हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों ने आगामी सत्र की तैयारियों को लेकर भी कमर कस ली है।

विकास क्षेत्र के लगभग 148 प्राथमिक, जूनियर एवं कंपोजिट विद्यालयों में परीक्षाएं निर्धारित समय पर शुरू हुईं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रथम पाली में गणित एवं द्वितीय पाली में संस्कृत विषय की परीक्षा संपन्न हो रही है। विद्यालयों में 90 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज की गई, जो विद्यार्थियों की जागरूकता को दर्शाती है। गणित विषय में परिश्रम करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिले नजर आए, जबकि कक्षा से अनुपस्थित रहने वाले



कुछ छात्रों को प्रश्नपत्र हल करने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए शिक्षकों द्वारा सतर्क निगरानी रखी जा रही है और सभी विद्यालयों में समयबद्ध तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। औरास बीईओ संजय शुक्ल ने बताया कि परीक्षाएं 20 मार्च तक चलेंगी। उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा के शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय में परीक्षा को लेकर छात्रों में उत्साह का माहौल है। परीक्षाओं के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य भी समय से शुरू कर दिया गया है। साथ ही शिक्षकों ने आगामी सत्र में नामांकन बढ़ाने के लिए ठोस रणनीतियां बनानी शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में रामपुर गढ़ौवा न्याय पंचायत के बयारी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक संकुल बैठक आयोजित की गई।

## गुणवत्ता बनाये रखने के लिए कोल्ड चेन में रखें वैक्सीन



जिला संवाददाता

सीतापुर। सरकार द्वारा की गई नई शुरूआत सरवाइकल कैंसर से बचाव हेतु आई नई वैक्सीन जो अभी शुरूआती दौर में ऐसी सभी बालिकाओं को जो 14 वर्ष से 15 वर्ष के बीच की हैं। उन सभी किशोरी बालिकाओं को एचपीवी से टीकाकृत किए जाने हेतु जनपद स्तरीय पर प्रशिक्षण टीओटी 16 मार्च को सीएमओ ऑफिस सभागार सीतापुर में सीएमओ डॉ0 सुरेश कुमार की अध्यक्षता में 12 बजे से आयोजित किया गया।

इस दौरान सभी अधीक्षकों के साथ सभी सहायक शोध अधिकारी तथा बीसीपीएम/स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ओर अर्बन यूनिट्स के एम0ओ0आई0सी0 को सभी सहयोगी पार्टनर जेएसआई से एसटीसी, टीसी द्वारा सम्बन्धित वैक्सीन की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। यूएनडीपी से वैक्सीन कोल्ड चैन मैनेजर राजेश कुमार सिंह जो कि जनपद सीतापुर में ईविन के साथ यूविन प्रोग्राम देख रहे के द्वारा वैक्सीन का कोल्ड चैन में उपलब्ध उपकरणों में वैक्सीन को किस तापमान पर कैसे रखना है ताकि वैक्सीन की गुंडवत्ता बनी रहे। साथ ही ईविन ऑनलाइन पोर्टल पर कैसे प्रतिदिन अपडेट करते हुए किस तरह से यूविन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लाभार्थी को वैक्सिनेशन कर पोर्टल पर अपडेट करते हुए ऑनलाइन सार्टिफिकेट भी दिया जाएगा बताया गया। डब्लू0एच0ओ0 से एस0एम0ओ0 के द्वारा एफएक्यू सेशन लिया गया। साथ ही यूनीसेफ से डीएमसी द्वारा क्यूमिनयुकेसन प्लान पर चर्चा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी के साथ टीओटी में सम्बन्धित विषय पर विस्तृत चर्चा के साथ पूर्ण गाइडलाइन पी0पी0टी0 के माध्यम से दी गई। अब सभी ब्लॉक स्तर पर आज ट्रेंड किए गए को जल्द से वैक्सीनेटर तथा आशा के साथ आंगनबाड़ी कार्यकताओं को भी प्रशिक्षित करने को कहा गया।

## नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ हुआ

पाटन, उन्नाव। कौशल विकास का यह केन्द्र क्षेत्र की युवतियों को योगी आदित्यनाथ के मिशन रोजगार की संकल्पना को साकार करने वाला



रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करेगा। हमारे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का सपना है कि हमारे देश के हर बच्चे की शिक्षा पूरी होते ही इतना हुनर आ जाये कि वह किसी का मोहताज न रहे। यह बाते सुमेरपुर ब्लाक के गौरा स्थित अमर शहीद रावरामबक्स सिंह महाविद्यालय में कौशल विकास योजना के नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कही। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के स्किल इंडिया और मुख्यमंत्री प्रशिक्षण है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद अवस्थी, आशीष बाजपेई अटल ने भी समारोह को संबोधित कर कौशल विकास योजना युवाओं के कैरियर के लिये महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर आंशू बाजपेई, रमाशंकर व्दिवेदी, बच्चू लाल शुक्ला, उमेश शुक्ला, आशीष सिंह, गुड्डू मिश्रा समेत बडी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। नया प्रवेश लेने वाली छात्राओं को अतिथियों ने ड्रेस, किताब देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गौ तस्करों से हुई मुठभेड़ में एक तस्कर को गोली लगी, एक भागने में सफल



असोहा, उन्नाव (वीओएल)। क्षेत्र के असोहा कालूखेड़ा मार्ग चन्दनखेड़ा स्थित नाले के पास रात्रि लगभग साढ़े बारह बजे स्थानीय पुलिस चेकिंग लगाए थी, उसी दौरान स्वाट व सर्विलांस की टीम द्वारा थाना प्रभारी फूल सिंह को गौतस्करों की सूचना दी कि दो पहिया वाहन से कालूखेड़ा से असोहा की ओर तीन व्यक्ति आ रहे है। सूचना पर बाइक सवार व्यक्तियों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार नाले के पास से निमैचा के लिये सम्पर्क मार्ग पर भागने का प्रयास किया ,बाइक तेज होने के चलते फिसल गई ,पुलिस ने जब पकड़ने का प्रयास किया तो तीन में से एक ने पुलिस पर फायर कर दिया ,पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक के बाएं पैर में गोली लग गई तथा एक को पकड़ लिया व एक रात्रि का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने रफीक पुत्र जुम्मन दही थाना क्षेत्र के कोइथर ग्राम तथा दूसरे ने असोहा थाना क्षेत्र के शिवगढ़ गांव निवासी मनमोहन यादव बताया। जामा तलाशी के दौरान जिंदा कारतूस तथा अवैध असलहा मिला। पकडा गया रफीक बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है उक्त के ऊपर लखनऊ के माल, मोहनलालगंज तथा उन्नाव जनपद के औरास, पुरवा, बरासगवर आदि थानों में विभिन्न संगीन अपराधों में अभियोग दर्ज है।

## मार्शल आर्ट्स विकास को लेकर बड़ा निर्णय

फतेहपुर। नीलकंठ पैलेस, पटेल नगर में आयोजित ताइक्वांडो एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक में मार्शल आर्ट्स को जिले में मजबूती से विकसित करने और सामाजिक कार्यों को गति देने के लिए कई ठोस निर्णय लिए गए। अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ताइक्वांडो खिलाड़ियों के कौशल वृद्धि, महिला सशक्तिकरण और खेल सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयों में प्रत्येक तीन माह में बेल्ट टेस्ट की श्रृंखला आयोजित करने का फैसला शामिल है। इसी कड़ी में अप्रैल माह में जिले के सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों का बेल्ट टेस्ट कराया जाएगा, ताकि उनके प्रदर्शन का सही मूल्यांकन हो सके। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद के समस्त विद्यालयों में ताइक्वांडो प्रशिक्षण को अनिवार्य बनाने की मांग की गई है। एसोसिएशन ने नगर में ताइक्वांडो प्रशिक्षण हेतु उचित स्थान उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी से भी आग्रह किया जाएगा।इसके अलावा, ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर रेल मंत्री को मांगपत्र भेजकर फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के ठहराव की मांग करेगा। अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के विस्तार हेतु योजनाबद्ध तरीके से निःशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक युवा इससे जुड़ सकें और जिले का नाम रोशन कर सकें।बैठक में अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला, सचिव राजकुमार, संयुक्त सचिव भारत वर्मा, शिव कुमार, कार्यकारिणी सदस्य मनीषा राजपूत, तनुज बाजपेयी, रिचा राजपूत एवं काजल उपस्थित रहीं।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर में विधायक ने गिनायीं उपलब्धियां

मोहम्मदी खीरी। स्थानीय विधानसभा क्षेत्र एक गेस्ट हाउस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह राज्य मंत्री के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराने के साथ-साथ क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। अंत्योदय के मार्ग पर चलने का संकल्प शिविर का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित जी का 'अंत्योदय' का दर्शन (समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय) ही हमारी सरकार का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को और अधिक अनुशासित और जनसेवा के प्रति समर्पित बनाना है। क्षेत्र में विकास की बयारः प्रमुख उपलब्धियां विधायक ने पिछले समय में हुए प्रमुख विकास कार्यों को जनता और कार्यकताओं के सामने रखा बुनियादी ढांचा क्षेत्र की जर्जर सड़कों का कायाकल्प और नई सड़कों का निर्माण। शिक्षा व स्वास्थ्यः सरकारी स्कूलों का सुदृढ़ीकरण और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार। जनकल्याणकारी योजनाएंः उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और आवास योजना का लाभ शत-प्रतिशत पात्र लोगों तक पहुँचाना। रोजगारः स्थानीय स्तर पर कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास। ?₹हमारा लक्ष्य केवल घोषणाएं करना नहीं,बल्कि धरातल पर बदलाव लाना है। आज क्षेत्र की जनता प्रत्यक्ष रूप से विकास को महसूस कर रही है।₹ विधायक लोकेन्द्र कार्यकताओं का उत्साह ?समापन सत्र में विधायक ने सक्रिय कार्यकताओं को सम्मानित किया और उनसे आगामी लक्ष्यों के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को आरीज एग्रो लिमिटेड ने दिए स्मार्ट ग्लास



असोहा, उन्नाव (वीओएल)। एरीज एग्रो लिमिटेड द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत लखनऊ स्थित डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के द्रश्यविहीन विद्यार्थियों एवं वहां कार्यरत दृष्टिबाधित व्यक्तियों को 25 ह्यज्योति स्मार्ट ग्लासह्ण वितरित किये गए। एरीज एग्रो लिमिटेड माइक्रोन्यूट्रिएंट्स, कस्टमाइज्ड प्लांट न्यूट्रिएंट्स और एनिमल फीड एडिटिव्स के क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है। वर्ष 1969 से कंपनी कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए माइक्रोन्यूट्रिएंट्स, ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर्स और वॉटर सॉल्युबल फर्टिलाइजर्स का उत्पादन कर किसानों और कृषि उद्योग की सेवा कर रही है। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार रोहित सिंह तथा एरीज एग्रो लिमिटेड की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा के नियमों को बताकर जागरुक किया

नवाबगंज, उन्नाव। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत मंगलवार को मकदूमपुर गांव स्थित वृंदावन बॉटलर्स में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान यातायात पुलिस ने कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया और सुरक्षित ड्राइविंग के गुर सिखाए। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यातायात प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने कहा कि वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस और बीमा जैसे अनिवार्य दस्तावेज हमेशा साथ रखें। उन्होंने जोर दिया कि कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें, क्योंकि दुर्घटना की स्थिति में एयरबैग तभी सुरक्षा कवच का काम करते हैं जब बेल्ट लगी हो। उन्होंने चालकों से निर्धारित लेन में चलने और सुरक्षित तरीके से ओवरटेक करने की अपील की। यातायात उपनिरीक्षक तिलक सिंह ने केंद्र सरकार की राहगीर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अब सड़क हादसे में घायल की मदद करने से डरने की जरूरत नहीं है। घायल को अस्पताल पहुँचाने वाले मददगार को 25,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं और शराब पीकर वाहन कभी न चलाएं। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट मनीष जैन ने यातायात पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान अपने कर्मियों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है।

संक्षेप

## ज्योत्सना , सिद्धार्थ ने इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में क्वालीफाई

अयोध्या। इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता (प्री-नेशनल) में जिला रायफल क्लब, अयोध्या के दो खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर अयोध्या का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए दोनों होनहार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और उच्च अंक प्राप्त कर नेशनल स्तर पर अपनी जगह सुनिश्चित की। जिला रायफल क्लब, अयोध्या के कोच शनि कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इन खिलाड़ियों ने प्रतिदिन लगभग 8 घंटे कड़ी मेहनत और अनुशासित अभ्यास के माध्यम से यह सफलता हासिल की है। उनकी लगन और समर्पण का ही परिणाम है कि उन्होंने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर जिला के अधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने दोनों खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं और उनके इस प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया है।

## नामित सभासद में मृतक का भी नाम शामिल

सोहावल-अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी संगठन की बड़ी चूक सामने आई है। नगर निगम की ओर से नगर पंचायत में नामित किए गए लोगों में एक नाम मृतक का शामिल कर दिया गया। जिसे लेकर सोशल मीडिया पर पार्टी की खूब फजीहत हुई ।यह मामला नगर पंचायत खिरौनी सुचितागंज से जुड़ा है। यहां साल्हेपुर निमैचा के मजरे शेख अलाउद्दीनपुर निवासी राज वंश पासी पुत्र स्वर्गीय हेमराज का नाम शामिल कर सूची जारी कर दिया। मंगलवार को जारी हुई इस सूची के सम्बन्ध में मृतक के पुत्र हिमांशु ने बताया कि पिता जी बीते नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में टिकट के दावेदार थे। लेकिन पार्टी ने इन्हें धोखा दे दिया था ।बीते नवम्बर माह में उनकी मौत हो चुकी है। इनका नाम नामित कर मजाक बना रही है। यहाँ पार्टी द्वारा नामित किए गये अन्य दो लोगों में राम औतार यादव सोहावल व आशीष तिवारी बिशुनपुर सारा शामिल हैं।

## टोल टैक्स माफी सहित कई मांग को लेकर पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन

सोहावल-अयोध्या। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर स्थानीय टोल टैक्स में छूट की मांग सहित कई अन्य मांग को लेकर सोहावल में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष देवी प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में पत्रकारों ने उप जिलाधिकारी न्यायिक पूर्णिमा सिंह को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री, परिवहन मंत्री तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित था ।ज्ञापन में मांग की गई कि क्षेत्रीय पत्रकारों को स्थानीय टोल टैक्स से छूट दी जाय। साथ ही सरकारी बसों में यात्रा के दौरान किराया भी माफ किया जाए। पत्रकारों का कहना है कि खबरों के संकलन के लिए उन्हें लगातार जिले में आना-जाना पड़ता है। लेकिन टोल प्लाजा पर रुकने में समय बर्बाद होता है। जिससे कार्य प्रभावित होता है ।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अरुण पांडेय , राम कल्प पांडेय , राज नारायण पांडेय , शशांक सिंह समेत संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# नहीं मिला गैस सिलेंडर, उपभोक्ता परेशान



सोहावल-अयोध्या। क्षेत्र की इंडियन गैस एजेंसी पर लगातार उपभोक्ताओं की भीड़ बनी हुई है। प्रशासन के निर्देशों के बाद भी स्थिति में बदलाव नजर नहीं आ रहा है ।यहाँ गैस एजेंसी के लिए आदेश निर्देश कोई मायने नहीं रखता। सुबह से शाम तक सिलेंडर लेकर लाइन में खड़े होने के बावजूद लोगों को गैस नहीं मिल रही है। शाम को निराश होकर घर वापस जाने को मजबूर रहते हैं। आनलाइन बुकिंग पर होम डिलीवरी एजेंसी के संचालक अब तक नहीं कर पाए हैं । रौनाही थाने के एक उप-निरीक्षक के पहरे में गैस वितरण हो रहा है। मंगलवार को ग्रामीण गैस उपभोक्ताओं की भारी भीड़ एजेंसी कार्यालय पर जमा रही। डेढ़ सौ से ज्यादा उपभोक्ता सिलेंडर लेकर लाइन लगाए हंगामा काटते रहे। मोहम्मद इरशाद जगनपुर बुकिंग 16 मार्च, विजय दूबे उचितपुर बुकिंग 8 मार्च, दान बहादुर इब्राहिमपुर बुकिंग 13 मार्च आदि सहित कई अन्य ने बताया कि बुकिंग संदेश आने के बावजूद सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है ।जबकि डिलीवर्ड का मैसेज आने के बाद भी स्थिति शून्य बनी हुई है। जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि एजेंसी की जाँच पड़ताल की जा रही है। अब होम डिलीवरी से ही आपूर्ति होगी। जबकि उप - जिलाधिकारी सोहावल सुश्री सविता देवी ने कहा एजेंसी संचालकों ने दिशा निदेर्शों का पालन न किया तब कड़ी कार्रवाई होगी।

## बढ़ी हुई गैस कीमतों व कालाबाजारी के विरोध में कांगेसियों ने किया प्रदर्शन



अयोध्या। जिला कांग्रेस कमेटी एवं महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से मनरेगा मजदूरों एवं संविदा कर्मियों के लंबित भुगतान तथा बढ़ी हुई गैस कीमतों व कालाबाजारी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता प्रेस क्लब में एकत्रित होकर जुलूस निकाल कर विकास भवन के मुख्य द्वार तक पहुंचे, जहां पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें जबरन रोक दिया गया। इसके बाद कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गए और जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के उपरांत जिला अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नायब तहसीलदार को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा मजदूरों और संविदा कर्मियों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। यह सरकार लगातार मनरेगा के प्रारूप से छेड़छाड़ कर रही है। पहले मनरेगा का नाम बदल दिया जाता है और उसके बाद अब मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य कर रहे मजदूरों का पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जा रहा। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि बढ़ती महंगाई, खासकर रसोई गैस के दामों में वृद्धि और कालाबाजारी ने आम जनता का जीवन कठिन कर दिया है, जिसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी निरंतर संघर्ष करती रहेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण गरीब और मजदूर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा कि यदि जल्द ही मनरेगा मजदूरों एवं संविदा कर्मियों का लंबित भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी अपना आंदोलन और तेज करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र मणि पांडे, अनिल तिवारी, अनिल सिंह, राम अवध पासी, बेद सिंह कमल,बृजेश रावत,उमेश उपाध्याय, रुद्र प्रताप सिंह रिशु, मनोज जायसवाल ,अहमद कुरेशी, कविंद्र साहनी ,राज प्रताप, रविंद्र कोरी, संतोष तिवारी, मिसबाहुल हक,डीएन वर्मा, राजेंद्र प्रसाद ,पंकज सिंह, रामसागर रावत, कविंद्र सनी अरुण साहू जिओ हैदर अशोक राय मोहम्मद आमिर, नाजिश फातिमा ,वाजिद अली, भीम शुक्ला, जिओ हैदर,धर्मेंद्र सिंह पास्टर आदि प्रमुख लोग रहे।

## शिक्षा सभी बच्चों का अधिकार: कमलेश यादव




मिल्कीपुर। विकासखंड मिल्कीपुर के चमनगंज बाजार स्थित सुकना देवी सुखराज पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख कमलेश यादव ने कहा कि शिक्षा सभी बच्चों का अधिकार है। उन्होंने ग्रामीण अंचल में बच्चों को अच्छी शिक्षा और बेहतर पठन-पाठन का माहौल उपलब्ध कराने में स्कूल के योगदान की सराहना की। कहा कि यहां से शिक्षित होकर निकलने वाले बच्चे भविष्य में राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे ।कार्यक्रम को आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेश कुमार पिंटू ने भी संबोधित किया।

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने स्कूल चलो अभियान पर अंशिका, अंकिता और प्रिंस द्वारा प्रस्तुत नाटक का मंचन किया। पलक, दिव्यांशी, रोली और अंशिका ने ह्होली खेले मसाने नाटक में अपनी प्रतिभा दिखाई। देशभक्ति गीतों पर आधारित प्रस्तुतियों में अंकित, आराध्या, मानसी, संस्कृति और एंजेल ने तिरंगा ऊंचा रहे पर नृत्य किया, जबकि काजल और अमित ने वतन याद रहेगा पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। शशि ने लहर लहर लहराए तिरंगा आसमान में और अनामिका ने ह्हर बिटिया लक्ष्मीबाई है जैसे गीतों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं।

## बदायूं में आरोपी अजय प्रताप सिंह के परिवार की दुकानों पर चला बुलडोजर

बदायूं । बदायूं में जिला प्रशासन ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के दो अधिकारियों की हत्या के मुख्य आरोपी की दुकानें यह कहते हुए ढहा दीं कि ये प्रतिष्ठान सरकारी जमीन पर बने थे। दातागंज के उप जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हत्या मामले के आरोपी अजय प्रताप सिंह उर्फ रामू के सभी अतिक्रमणों को पहले चिन्हित किया गया था। उन्होंने बताया कि उसके बाद संबंधित लोगों को नोटिस जारी करके अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए समय भी दिया गया था। उप जिलाधिकारी के अनुसार, तय समय के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण करने वालों ने दो दिन पहले दुकानों को खाली कर दिया था और आज मंगलवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे बनी करीब 12 दुकानों को चिन्हित किया गया था, जिनमें से लगभग छह दुकानें एक तरफ और छह दूसरी तरफ बनी थीं। उन्होंने बताया कि इन सभी को अवैध अतिक्रमण मानते हुए हटाया जा रहा है। उप जिलाधिकारी ने बताया कि तोड़ी गई दुकानों में छह दुकान आरोपी रामू की हैं जबकि अन्य छह दुकानें उसके चाचा राकेश सिंह की हैं, जो अवैध रूप से बनी हुई हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा पैमाइश की गई थी जिनमें दुकान सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनी हुई पाई गईं। एसडीएम ने यह भी बताया कि जांच के दौरान आरोपी की एक अन्य दुकान बंजर भूमि पर बनी होने की जानकारी मिली, जिसे खाली कराकर सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में राजस्व कानून की धारा 37 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी, जिसके तहत मामला दर्ज करके आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### बिहार के तीन शातिर गिरफ्तार , श्रद्धालुओं को बनाते थे निशाना

अयोध्या। पूराकलन्दर थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदल कर रुपए निकाल लेने की तीन घटनाओं का पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से करीब 1.99 लाख रुपये नकद, एक कार, फेवीक्विक, प्लास समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। सभी आरोपी बिहार के रहने वाले हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोनू पुत्र अवधेश सिंह रोशना, फतेहपुर, गया, पिंकू पुत्र कुमार विपिन कुमार व मनीष कुमार पुत्र सुनील कुमार पाली, नवादा ( बिहार ) के रूप में हुई है। दर्ज शिकायतों के अनुसार 12 फरवरी को एक व्यक्ति भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गया था, जहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 59,600 रुपये निकाल लिए। 7 मार्च को मसौधा स्थित एसबीआई एटीएम पर हेलमेट पहने एक व्यक्ति ने मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर 33,000 रुपये निकाल लिए, ।13 मार्च को एक अन्य व्यक्ति का एटीएम कार्ड मशीन में फंसने के बाद उसके खाते से 30,000 रुपये निकाल लिए गए। सभी मामलों में केस दर्ज किया गया था । पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि जांच में पता चला कि गिरोह एटीएम मशीनों में पहले से फेवीक्विक डालकर कार्ड स्लॉट को जाम कर देता था। जब कोई ग्राहक पैसा निकालने पहुंचता और उसका कार्ड मशीन में फंस जाता, तो आरोपी मदद के बहाने पास आ जाते थे। इसी दौरान वे चालाकी से एटीएम कार्ड बदल लेते और बाद में दूसरे एटीएम से खाते से रकम निकाल लेते थे। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई केस दर्ज हैं।



## नगर निकायों की आय वृद्धि के लिए प्रभावी प्रयास सुनिश्चित करे : डीएम

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में नगर निकायों की कार्यप्रगति को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने समीक्षा बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि प्रत्येक नगर निकाय में पूर्व की भांति सप्ताह में एक दिन चलने वाले अतिक्रमण विरोधी अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित कर सतत प्रवर्तन सुनिश्चित करे जिससे कोई भी दुकान सड़क पर न लगने पाए। सार्वजनिक स्थलों, सड़कों एवं नालियों पर अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निकायों में स्थित सभी तालाबों के संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि किसी भी दशा में तालाबों पर अतिक्रमण न होने पाए। तालाबों को मत्स्य पालन हेतु नियमानुसार नीलाम कर आय बढ़ाई जाए तथा अन्य संभावित स्रोतों को विकसित कर राजस्व सुदृढ़ किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगर निकायों में प्रतिदिन शतप्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित करने व किसी भी खाली प्लॉट पर कूड़ा एकत्रित न होने, निमार्णाधीन कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये जाने, जिन नगर निकायों में कल्याण मंडप का निर्माण नहीं हो रहा वे तत्काल प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने, राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं शहरी आजीविका मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका संजय कुमार शुक्ला सहित नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।




# नवनिर्मित बस स्टेशन का उद्घाटन

### बस स्टेशन से आम जनता को मिलेगा सीधा लाभ : दयाशंकर सिंह





जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर नगर पंचायत रामसनेहीघाट के बैशनपुरवा गांव के पास नवनिर्मित बस स्टेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया।

इसके उपरान्त लगभग 3 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से बने बस स्टेशन पर परिवहन मंत्री श्री सिंह ने परिवहन निगम की बसो को हरी झंडी दिखाकर अपने गतव्य की ओर रवाना किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विधानसभा दरियाबाद में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इस बस स्टेशन से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा और परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ होगी। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को बताते हुये करते हुए कहा कि प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। कार्यक्रम मे खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि रामसनेहीघाट क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से बस स्टैंड की कमी का सामना करना पड़ रहा था। यात्रियों को बस पकड़ने के लिए भटकना पड़ता था। लेकिन अब इस बस स्टेशन के निर्माण से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुगम होगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह, क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र, सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या विश्वजीत सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अयोध्या ऋतु सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, वरिष्ठ सहायक आनन्द वर्मा, कनिष्ठ सहायक अनिकेत सिंह सहित जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## होली मिलन में दिखा राजनीतिक एकता का अनूठा संगम

- विधायक उन्नाव व महासमिति राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ
- कलाकारों ने राधा-कृष्ण झांकी, मयूर नृत्य, फूलों की होली की दी प्रस्तुति

बाराबंकी। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति शाखा के तत्वाधान में जनक पैलेस प्रांगण में होली मिलन समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक उन्नाव पंकज गुप्ता एंव विशिष्ट अतिथि महासमिति राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज समाज में हमे राजनैतिक हिस्सेदारी बढाऩे की जरूरत है। हमारे समाज के लोग नगरपालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायत, विधानसभा और संसद तक हमारा प्रतिनिधित्व करेंगे तभी हमारा समाज प्रगति पथ पर अग्रसर होगा। साथ ही हमें सामाजिक हिस्सेदारी बढ़ाकर समाज के लोगों से जुड़कर अपनी सुदृढ़ राजनैतिक पारी की शुरूआत करे। समारोह मे महासमिति जिलाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता व महामंत्री रामेन्द्र दीपक गुप्ता ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियो को बूके व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। समारोह का संचालन बृजेश कुमार वैश्य ने किया। समारोह मे कलाकारों ने राधा-कृष्ण झांकी, मयूर नृत्य और मनमोहक फूलों की होली प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संरक्षक चन्द्र प्रकाश गुप्ता, टैक्स बार अध्यक्ष एड़वोकेट पवन वैश्य, भाजपा जिलाध्यक्ष भुल्लन वर्मा, संदीप गुप्ता, सूरज सिंह, रामनाथ मौर्य, संघ प्रचारक रवि, जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी, सौरभ गुप्ता, दीपदाश गुप्ता, कृष्ण मोहन गुप्ता, कृष्ण मोहन गुप्ता, अमर गुप्ता, बीना गुप्ता, आरती गुप्ता, अनीता गुप्ता, मंजू गुप्ता, रागिनी गुप्ता, ज्योति गुप्ता, निधि गुप्ता, राधा गुप्ता, सोनम गुप्ता, नीता गुप्ता, रेनू, चन्दना, प्रगति गुप्ता शामिल रहे।




## 5 शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, चोरी के बिजली तार, उपकरण, बाइक बरामद



बाराबंकी। थाना नगर कोतवाली पुलिस ने 5 शातिर चोरो को चोरी के बिजली उपकरणो, तार, बाइक बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने पंजीकृत मु0अ0सं0 186/2026 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस, मु0अ0सं0 196/2026 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस, मु0अ0सं0 122/2026 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस तथा मु0अ0सं0 592/2025 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस का खुलासा करते हुये अभियुक्त अभिषेक यादव पुत्र बेचालाल, सचिन कश्यप पुत्र मुन्ना कश्यप, साजन सिंह यादव पुत्र पृथ्वीराज सिंह यादव, रितेश यादव पुत्र दिनेश कुमार, अभिषेक यादव पुत्र बनवारी यादव निवासीगण ग्राम धौरहरा थाना गोसाईगंज लखनऊ को हैदरगढ़ रोड, मक्का दास कुटी बड़ेल के पास से बिजली के उपकरण 31 एम0सी0बी0, बिजली के स्विचयुक्त बोर्ड, शॉकेट, 26 अदद रेगुलेटर, 6 फैन कवर, 31.500 किग्रा बिजली का तार, 27.700 किग्रा कॉपर का छिला हुआ तार, 31 किग्रा एल्मुनियम का छिला हुआ तार, अन्य प्लम्बरिंग का सामान 38 किग्रा, दो अदद पेचकश, दो अदद मोटरसाइकिल यू0पी 32 एमपी 6927, यू0पी 32 आरबी 9180 बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, उ0नि0 रवीन्द्र कुमार सिंह, उ0नि0 राकेश वर्मा, हे0का0 जितेन्द्र कुमार यादव, का0 धीरज सिंह,अभिषेक सिंह, करन कुमार, नरसिंह मौजूद रहे।

## गंगा नदी में नाव पर बैठकर बिरयानी खाने के आरोप में 14 लोग गिरफ्तार

वाराणसी। वाराणसी पुलिस आयुक्तालय के कोतवाली क्षेत्र में गंगा में नाव पर इफ्तार करने और कथित रूप से बिरयानी खाने का वीडियो सार्वजनिक होने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली के सहायक पुलिस आयुक्त विजय प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था, जिसमें गंगा में नाव पर बैठकर कुछ लोग इफ्तार पार्टी करते दिखे। उन्होंने बताया कि वीडियो में यह प्रतीत हो रहा है कि पार्टी में चिकन बिरयानी का सेवन किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इस मामले में भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रजत जायसवाल की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। एसीपी ने बताया कि मामले में कार्वाई के लिए एक टीम बनाई गई और इसके बाद इफ्तार पार्टी में कथित तौर पर शामिल 14 लोगों की पहचान करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सास और साले की हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

बरेली। पंचायत बैठक के दौरान पत्नी को चाकू मारने और सास तथा साले की हत्या करने का आरोपी एक व्यक्ति पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी अफसर खान (40) और साइमा (28) की नौ साल पहले शादी हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। पारिवारिक विवाद के चलते पांच दिन पहले महिला मायके आई थी और मामले को सुलझाने के लिए सोमवार को पंचायत बैठक बुलाई गई। बैठक के दौरान, पेशे से एंबुलेंस चालक अफसर खान ने अपनी सास आसमा (54) और साले आदिल (20) की चाकू मारकर हत्या कर दी। जब पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो हमला करके उसे भी घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि महिला की मां और भाई की मौत हो गई, जबकि उसे खुद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि पंचायत बैठक के दौरान हत्याएं होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि अफसर मुड़िया अहमदनगर के सहारा मैदान में अवैध हथियार लेकर मौजूद है और अस्पताल जाकर पत्नी की हत्या करने की कोशिश कर सकता है। पुलिस ने उसे बार-बार आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन इसके बजाय उसने पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी। एसएसपी ने कहा कि पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसके परिणामस्वरूप अफसर गंभीर रूप से घायल हो गया। एसएसपी ने बताया कि उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोलीबारी के दौरान दो पुलिसकर्मी कांस्टेबल रूपेंद्र और अनुराग भी घायल हो गए और फिलहाल जिला अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के पास से एक पिस्तौल और एक चाकू बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अफसर के खिलाफ पहले कई आपराधिक मामले दर्ज थे। 2009 में, अफसर ने अपने मामा की हत्या कर दी थी। बिथरी चैनपुर थाने में मामला दर्ज होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अदालत से जमानत मिलने के बाद वह अपने गांव लौट आया था। हालांकि, पुलिस सूत्रों के अनुसार, जेल से रिहा होने के बाद भी उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। उसके खिलाफ चोरी का मामला भी दर्ज है।

## ईद-उल-फितर पर मेरठ रेंज में सख्त सुरक्षा प्रबंध

मेरठ। आगामी ईद-उल-फितर पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मेरठ परिक्षेत्र में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस के अनुसार रेंज के चारों जनपदों में कुल 460 ईदगाह और 1865 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी, जिनकी सुरक्षा के लिए करीब पांच हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे परिक्षेत्र को 23 जोन और 79 सेक्टर में विभाजित किया गया है, जबकि त्वरित कार्वाई के लिए 66 क्यूआरटी (त्वरित प्रतिक्रिया दल) गठित की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा 208 स्थानों को संवेदनशील के रूप में चिन्हित करके वहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है ।आधिकारिक जानकारी के अनुसार मेरठ में 158 ईदगाह और 544 मस्जिदों, बुलंदशहर में 150 ईदगाह और 414 मस्जिदों, बागपत में 68 ईदगाह और 451 मस्जिदों तथा हापुड़ में 84 ईदगाह और 456 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था के तहत छह अपर पुलिस अधीक्षक, 22 क्षेत्राधिकारी, 95 निरीक्षक, 805 उपनिरीक्षक, 1100 मुख्य आरक्षी, 1360 आरक्षी, 1090 होमगार्डपीआरडी जवान तथा तीन कंपनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने सभी जनपद प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी नई परंपरा की अनुमति न दी जाए और असामाजिक व साम्प्रदायिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी और पैदल गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। पुलिस ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की चेतावनी दी है। साथ ही बाजारों, मॉल और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन द्वारा शांति समिति, धर्मगुरुओं और स्थानीय लोगों के साथ बैठकें करके समन्वय स्थापित किया गया है, ताकि त्योहार को पारंपरिक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

## यूजीसी विधेयक का विरोध करने वाले छात्र पर हमला

बहराइच। केंद्र सरकार के यूजीसी विधेयक का लगातार विरोध करने वाले एक युवक पर सोमवार को उसके कालेज में अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि इस सिलसिले में 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि यह हमला उस वक्त हुआ जब वह किसान कालेज से अपना अंकपत्र लेने जा रहा था। पीड़ित युवक की पहचान बहराइच जनपद के इंदनापुर गांव निवासी विमल शर्मा के तौर पर हुयी है। विमल ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि वह लगातार यूजीसी विधेयक का सक्रिय होकर विरोध कर रहा था। रविवार को विधेयक के विरोध में मैने बहराइच से अयोध्या तक की पदयात्रा शुरू की थी, लेकिन पुलिस मुझे बहराइच सीमा से वापस ले आई थी। छात्र ने बताया कि सोमवार को मैं किसान डिग्री कालेज से अपना अंकपत्र लेने जा रहा था, तभी कुछ लोगों ने मुझपर जानलेवा हमला कर मुझे घायल कर दिया।

